





## आज का मैच

**गुजरात टाइटंस V/S दिल्ली कैपिटल्स**

**समय-7.30 बजे, दिल्ली में**

### खास-खबर

## टी-20 विश्वकप में नहीं खेलेंगे सुनील नारायण



**कोलकाता (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के स्पिन ऑलराउंडर सुनील नारायण ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वे टी-20 विश्व कप में खेलने की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए अच्छे फॉर्म के बाद उन्होंने कहा कि अब दरवाजे बंद हो चुके हैं। 35 वर्षीय कैरेबियन खिलाड़ी फिलहाल आईपीएल 2024 में सबसे अमूल्य खिलाड़ी बने हुए हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह ही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 56 गेंदों में नाबाद 109 रन बनाया था, जो कि टी-20 में उनका पहला शतक भी था। उन्होंने इस साल 22.11 की औसत और 7.10 की इकॉनमी के साथ नौ विकेट लिए हैं, जो कि कोलकाता के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक है। नारायण के इस फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान रोवमन पॉवेल ने कहा था कि वह पिछले 12 महीनों से नारायण से संन्यास से वापसी के बारे में बोल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शतक लगाने के बाद नारायण ने भी इस संभावना से इनकार नहीं किया था। नारायण ने नवंबर 2023 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था और वह 2019 से वेस्टइंडीज के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेले हैं। बुधवार को कोलकाता द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में नारायण ने कहा कि मैं इस बात से खुशी है और मैं आभारी भी हूं कि मेरे फॉर्म के कारण लोग चाहते हैं कि मैं संन्यास से वापसी करूं और आने वाला टी-20 विश्व कप खेलूं। लेकिन मैंने संन्यास के निर्णय के साथ शांति चुनी थी और अब वे दरवाजे बंद हो चुके हैं।

### गायकवाड़ के शतक पर भारी पड़ी स्टोइनिस की 124 रन की पारी

# चेन्नई को 6 विकेट हरा लखनऊ तालिका में चौथे स्थान पर



**चेन्नई (एजेंसी)। प्लेयर ऑफ द मैच मार्कस स्टोइनिस की नाबाद 124 रनों की पारी के सहारे लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को आईपीएल के 39वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया।**

स्टोइनिस ने शानदार नाबाद शतक 63 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 124 रन बनाया। उन्होंने 13 चौके और 6 छक्के लगाए, पूरन ने 15 गेंदों में 34 रन बनाए. दीपक हुड्डा ने 6 गेंदों में नाबाद 17 रन बनाए। चेन्नई के लिए पथिराना ने 2 विकेट लिए, चाहर और मुस्तफिजुर के हाथों एक-एक विकेट मिला। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने चार विकेट पर 210 रन बनाए थे। सीएसके के लिए ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 108 और शिवम दुबे ने (66) रनों की अर्धशतकीय की पारी खेली थी। जवाब में लखनऊ ने 19.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मार्कस स्टोइनिस 63 गेंद में 124 रन बनाकर नाबाद रहे। इस जीत के साथ लखनऊ की टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। उन्होंने चेन्नई को रिप्लेस किया, जो लुढ़क कर पांचवें स्थान पर आ गई है। चेन्नई को अगला मैच 28 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है, जबकि लखनऊ की टीम 27 अप्रैल को इकाना में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद डैरिल मिचेल ने ऋतुराज के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 45 रन जोड़े। छठें ओवर में यश ठाकुर ने हुड्डा के हाथों कैच आउट कराकर मिचेल (11) को पवेलियन भेज दिया।12वें ओवर में रवींद्र जडेजा (16) रन बनाकर आउट हुये। हालांकि दूसरे छोर से ऋतुराज लगातार रन बनाते रहे। उन्होंने 60 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद (108) रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने ऋतुराज चौथे विकेट लिये 104 रनों की साझेदारी की। वह 20वें ओवर की चौथी गेंद पर रनआउट हुये। उन्होंने 27 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुये (66) रन बनाये। महेन्द्र सिंह धोनी ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर टीम का स्कोर चार विकेट पर 210 रन पहुंचा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से मैट हेनरी, मोहसिन खान और यश ठाकुर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।


### स्कोर बोर्ड

**चेन्नई सुपर किंग्सः** रहाणे कै. राहुल बो. हेनरी 1, गायकवाड़ (नाबाद) 108, मिचेल कै. हुड्डा बो. ठाकुर 11, जाडेजा कै. राहुल बो. मोहिसिन 17, शिवम रन आउट 66, धोनी (नाबाद)4, **अतिरिक्त** 3, **कुल** (20 ओवर में) 4 विकेट पर 210 रन। **विकेट पतनः** 1-4, 2-49, 3-101, 4-205। **गेंदबाजीः** हेनरी 4-0-28-1,मोहसिन 4-0-50-1, बिश्नोई 2-0-19-0, यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस 4-0-49-0, क्रुणाल 2-0-16-0।

**लखनऊ सुपर जायंट्सः** डिकॉक बो. चाहर 0, राहुल कै.गायकवाड़ बो. मुस्तफिजुर 16, स्टोइनिस (नाबाद) 124, पड़िक्कल बो. पथिराना 13, पूरन कै. शार्दुल बो. पथिराना 34, हुड्डा (नाबाद)17, **अतिरिक्त** 9, **कुल** (19.3 ओवर में) 4 विकेट पर 213 रन। **विकेट पतनः** 1-0, 2-33, 3-88, 4-158। **गेंदबाजीः** चाहर 2-0-11-1, देशपांडे 3-0-34-0, मुस्तफिजुर 3.3-0-51-1, शार्दुल 3-0-42-0, मोईन 2-0-21-0, जाडेजा 2-0-16-0, पथिराना 4-0-36-2।

## टाइटंस के खिलाफ दिल्ली को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद पंत की कप्तानी पर भी रहेंगी नजरें





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दिल्ली की टीम आठ मैच में तीन जीत और पांच हार से छह अंक के साथ आठवें स्थान पर खिसक गई है। टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा। सनराइजर्स के खिलाफ पंत के फैसलों पर कई बार सवाल उठे। टॉस के समय वह अरूण जेटली स्टेडियम में ओस के पहलू को सही तरह से नहीं भांप पाए और उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पंत का पारी का दूसरा ओवर ललित यादव को सौंपने का फैसला और भी विवादास्पद रहा और सनराइजर्स ने तूफानी शुरुआत करते हुए पावर प्ले में बिना विकेट खोए 125 रन बनाए। पंत बल्लेबाजी के दौरान जूझते नजर आए और लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंद में सिर्फ 44 रन बना पाए। सनराइजर्स के 267 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों से तूफानी शुरुआत की अपेक्षा थी लेकिन पृथ्वी साव और डेविड वार्नर ने निराश किया। युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने सिर्फ 18 गेंद में 65 रन बनाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। अभिषेक पोरेल ने भी 22 गेंद में 42 रन की पारी खेली लेकिन यह नाकाफी था। सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद की कोटला की छोटी बाउंड्री के बीच शॉर्ट पिच गेंदबाजी करने की रणनीति गलत साबित हुई। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ एनरिक नोर्किया मौजूदा सत्र में बिलकुल भी लय में नजर नहीं आ रहे और टीम को पीठ में जकड़न के कारण अनुभवी इशांत शर्मा के पिछले मैच से बाहर रहने के बाद उनके वापसी करने की उम्मीद होगी। कुलदीप यादव मौजूदा सत्र में 7.60 की इकोनॉमी रेट से पांच मैच में 10 विकेट चटकाकर दिल्ली के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं लेकिन सनराइजर्स के खिलाफ वह भी काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने दिल्ली के गेंदबाजों के बीच सर्वाधिक आठ खाली गेंद डाली लेकिन सर्वाधिक सात छक्के भी खाए। नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टाइटंस के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट की जीत की बदौलत यह पूर्व चैंपियन टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। टाइटंस की नजरें भी जीत की लय को बरकार रखते हुए प्ले ऑफ का दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी। टीम को बल्लेबाजी में गिल के अलावा साई सुदर्शन, डेविड मिलर और अजमतुल्लाह उमरजई से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि राहुल तेवतिया को फिनिशर की भूमिका निभानी होगी। गेंदबाजी विभाग में दारोमदार अनुभवी मोहित शर्मा, नूर अहमद और राशिद खान पर होगा।



## जोकोविच को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार

**मैड्रिड (एजेंसी)।** विश्व के नंबर-एक सार्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पांचवी बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। सोमवार को मैड्रिड के गैलेरिया डी क्रिस्टल में आयोजित एक शानदार समारोह में जोकोविच को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए इस शीर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि साथी टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को उनके फाउंडेशन के बदौलत 'स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड' से नवाजा गया। पुरस्कार के बाद जोकोविच ने कहा कि मैं अपना पांचवां लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतकर अविश्वसनीय रूप से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं 2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। मैं 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं, यह दर्शाता है एक ऐसा साल जो मेरे और मेरे प्रशंसकों के लिए ढेर सारा उत्साह और सफलता लेकर आया। उन्होंने कहा कि मैं अपने पीछे एक अविश्वसनीय टीम और प्रेरणादायक प्रतिद्वंद्वियों के बिना इतनी सफलता हासिल नहीं कर पाता, जिन्होंने हमेशा मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने के लिए प्रेरित किया है।

## मुंबई के खिलाफ जायसवाल ने परिपक्वता से बल्लेबाजी कीः लारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यशस्वी जायसवाल की परिपक्वता से प्रभावित वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस युवा खिलाड़ी की पारी प्रभावशाली थी क्योंकि उन्होंने शॉट खेलने के लिए समय भी लिया और उच्च स्ट्राइक रेट बनाए रखकर अच्छा संतुलन बनाया। जायसवाल ने फॉर्म में वापसी करते हुए मौजूदा आईपीएल का अपना पहला शतक जड़ा जिससे राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट से हरा दिया। लारा ने 'स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव' पर कहा कि हां, खूबसूरत। लेकिन सच तो यह है कि वह अपना समय ले रहा है, गेंद के पीछे आकर खेल रहा है और वह उचित क्रिकेट शॉट खेल रहा है। उसके पास सभी चीजें हैं, उसे इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। जायसवाल ने केवल 60 गेंद में नौ चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 104 रन बनाए जिसमें उन्होंने लेग साइड पर कई ताकतवर शॉट खेलने के अलावा आकर्षक कवर ड्राइव भी लगाए। लारा ने कहा, "जब आप गेंदबाजों पर हावी हो जाते हैं, यशस्वी के बारे में मुझे यही पसंद है। यह अच्छा समायोजन था, शानदार क्रिकेट शॉट, उन्होंने पूरी पारी का अच्छी तरह प्रबंधन किया। उन्होंने कहा कि उसने बहुत जिम्मेदारी, काफी परिपक्वता दिखाई है और मैं उसकी वापसी से बेहद खुश हूं।



तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने रॉयल्स के लिए गेंदबाजी में कमाल दिखाया। उन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर पांच विकेट चटकाए। उन्होंने कहा कि बहुत, बहुत बड़ा प्रभाव और इस तथ्य का भी उल्लेख करना जरूरी है कि कुछ साल पहले उसे किसी टीम ने नहीं खरीदा था और वह एक वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में आया था। वह मैदान पर प्रत्येक लम्हें का लुत्फ उठा रहा है। संदीप दो साल पहले नीलामी में नहीं बिके थे। रॉयल्स ने उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा के विकल्प के रूप में अपने साथ जोड़ा था और यह 30 वर्षीय खिलाड़ी इस भरोसे पर खरा उतर रहा है।

## कोहली के पास 40 गेंदों में शतक बनाने की क्षमताः गांगुली


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने यहां कहा कि दिग्गज विराट कोहली के पास ट्रेविस हेड की तरह 40 गेंदों में 100 रन बनाने की क्षमता है और वेस्टइंडीज तथा अमेरिका में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप में उन्हें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना चाहिए। कोहली ने हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 67 गेंदों में 100 रन बनाए, लेकिन





उन्हें अपने स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ा था। गांगुली ने कहा, 'विराट कोहली में 40 गेंदों में 100 रन बनाने की भी क्षमता है। जैसा कि मैंने शुरुआत में कहा था कि भारत के पास जैसी क्षमता है उसके मुताबिक उन्हें बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरते ही बड़े शॉट लगाने की जरूरत है। फिर देखना चाहिये कि पांच-छह ओवर के बाद क्या होगा। गांगुली चाहते कि चयन समिति, कोच राहुल द्रविड़ और रोहित टी-20 विश्वकप के लिए टीम के सर्वोत्तम हित में निर्णय लें। वह हालांकि आदर्श रूप से कोहली-रोहित को पारी का आगाज करते देखना चाहते है। भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'अगर आप मुझसे पूछें और यह सिर्फ मेरी निजी राय है और मैं यह नहीं कह रहा हूं कि चयनकर्ताओं को ऐसा करना चाहिए, क्योंकि टीम संयोजन को लेकर आखिरी फैसला उनका ही होता है। इंग्लैंड के खिलाफ शानदार घरेलू टेस्ट श्रृंखला के बाद क्या यशस्वी जायसवाल के मौजूदा फॉर्म को देखते हुए टी-20 विश्व कप में चयन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यशस्वी का दावा कमजोर हुआ है।

## हमें गेंद और बल्ले दोनों से थोड़ा सुधार करने की जरूरत :वॉर्नर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि टीम के पास मौजूदा आईपीएल में प्ले ऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। अपने आठ में से पांच मैच हारने के बाद दिल्ली की नजरें बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। वार्नर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि टीम की खातिर हमें जहां होना चाहिए हम वहां नहीं हैं। हम कुछ और मैच जीतना पसंद करते। लेकिन फाइनल में चुनौती पेश करने के लिए बेशक हमें बाकी बचे मैच जीतने होंगे। इसलिए हमारे लिए यह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बारे में है। उम्मीद है कि हम प्रत्येक मैच वैसे ही खेल सकेंगे जैसे हम गुजरात के खिलाफ खेले थे। ऑस्ट्रेलिया के इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि हमें बल्ले और गेंद दोनों से थोड़ा सुधार करना होगा। अगर हम कुल स्कोर को कम रखने में सफल रहे तो यह बहुत अच्छा होगा। और फिर अगर हम पहले बल्लेबाजी करते हैं तो कोशिश करें कि बड़ा स्कोर बनाएं और इसका बचाव करें।

## महिला वनडे की नंबर एक बैटर बनीं चमारी अटापट्टू



**दुबई (एजेंसी)।** पिछले सप्ताह साउथ अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रनों की पारी खेलने वालीं चमारी अटापट्टू आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में नंबर एक बैटर बन गई हैं। चमारी की इस पारी ने महिला क्रिकेट के कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे, जिसमें वनडे में सफल चेज के दौरान सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था। वनडे में पुरुष और महिला दोनों क्रिकेट ही क्रिकेट में यह सफल चेज के दौरान दूसरा सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी था। ग्लेन मैक्सवेल ने 2023 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रनों की पारी खेली थी। इस प्रदर्शन के चलते चमारी ने आईसीसी की तालिका में अब तक की अपनी सबसे बड़ी रेटिंग (773) प्राप्त करते हुए पहला स्थान प्राप्त कर लिया। उनके पीछे नाट सिवर ब्रंट हैं जिनके पास 764 रेटिंग अंक हैं। लॉरा वुलफार्ट भी पांचवें स्थान से दो पायदान की छलांग लगाते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। उनसे पीछे बेथ मूनी और स्मृति मांधना हैं। जबकि पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वालीं हीली मैथ्यूज को भी सात पायदान का फायदा हुआ है और वह अब 11वें स्थान पर हैं।

**न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी. नगर भोपाल**

**(7 नंबर बस स्टाप शिवाजी नगर भोपाल)**

**प्रकरण क्रमांक- 3314/अ-6/2023-24 प्रकरण क्रमांक-3319/अ-6/2023-24 प्रकरण क्रमांक-3321 से 3328 तक / अ-6/2023-24 प्रकरण क्रमांक -3357 से 3363 तक/अ-6/2023-24 प्रकरण क्रमांक- 3365, 3366, 3368,3370/अ-6/2023-24**

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है निम्नलिखित अनुसूचित में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचारधीन है। कोई भी हितबद् व्यक्ति दिनांक 25.04.24 को 03 बजे स्थान एमपी नगर मैं इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियता दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अनुसूची पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक ग्राम/नगरीय क्षेत्र का नाम सर्वेक्षण संख्यांक ब्लॉक संख्यांक/भूखंड संख्यांक क्षेत्रफल (हे.) विद्यमान भू-अभिलेख मैं अंकित धारक/धारको का विवरण उस व्यक्ति व्यक्तियों का विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है। एवं रकवा 123456 बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055 हे.. नीतू सिंह मोहर सिंह पता ग्राम बरखेडा पठानी भोपाल श्री संतराम साहू पिता जिवराखन साहू 1100 वर्गफिट बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055 हे.. श्री विवेक कुमार पाण्डे आ. श्री हीरालाल पाण्डे 1100 वर्गफिट बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055 हे.. श्री योगेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री अजब सिंह 800 वर्गफिट बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055 हे.. श्री प्रभा नाथ सिंह आ. श्री सूर्य नाथ सिंह बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055 हे.. 1100 वर्गफीट श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह भदौरिया पुत्र सामंत सिंह भदौरिया बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055 हे.. 2200 वर्गफीट श्रीमती सुशीला सूर्यवंशी पत्नी श्री गणपति सूर्यवंशी बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055 हे.. 1250 वर्गफीट सफिया सिद्दीकी पुत्री श्री एस. अहमद बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055 हे.. 1100 वर्गफीट श्री राजकुमार शुक्ला आ. लालू प्रसाद शुक्ला बरखेड़ा पठानी 324/2/1.1055 हे. वर्गफीट श्रीमती अनुराधा सिंह पत्नी मनीष कुमार सिंह बरखेड़ा पठानी 324/2/1.1055 324/2/ 1.1055 हे. 1100 वर्गफीट श्री अभिषेख गौरव पुत्र श्री महेंद्र प्रसाद बरखेड़ा पठानी 324/2/1.1055 हे. 2200 वर्गफीट श्री अभिषेख गौरव पुत्र श्री महेंद्र प्रसाद बरखेड़ा पठानी 324/2/1.1055 हे. 2200 वर्गफीट श्री अभिषेख गौरव पुत्र श्री महेंद्र प्रसाद बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055/- हे. 2200 वर्गफीट श्री जयप्रकाश धीर पुत्र के विजयराज बरखेड़ा पठानी 324/2/1. 1055 हे. 1100 वर्गफीट श्रीमती दीप्ती भदौरिया पत्नी डॉ. तारा सिंह बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055 हे..1100 वर्गफीट श्रीमती दीप्ती भदौरिया पत्नी डॉ. तारा सिंह बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055 हे. 1100 वर्गफीट श्री विनोद कुमार आ. रामकरन बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055 1250 वर्गफीट श्री शयाम सिंह आ श्री रामचंद बरखेड़ा पठानी 324/2/1.1055/ 1100 वर्गफीट श्रीमती अर्चना गोयल पत्नी श्री प्रमोद कुमार गोयल बरखेड़ा पठानी 324/2/1. 1055 1000 वर्गफीट श्री बूढा प्रसाद आ. कल्लू अहीरवाल बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.1055 1100 वर्गफीट श्री अभिनव गौरव पुत्र श्री महेंद्र प्रसाद बरखेड़ा पठानी 324/2/ 1.10552200 वर्गफीट आज दिनांक 12.4.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया।

**तहसीलदार नजूल एम.पी. नगर वृत्त भोपाल**

241

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

कीलनदेव टावर्स, शिवाजी नगर, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक-ई /502, पाँचवा तल, डी-टाईप, ब्लाक-ई मण्डल द्वारा श्री गोविन्द सिंह यादव आत्मज श्री सोहन सिंह यादव के नाम से आवंटित व हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का हक त्याग विलेख दिनांक 29 /29/2020 को पंजीकृत है। श्री गोविन्द सिंह यादव आत्मज श्री सोहन सिंह यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती अमृत सुखराज सिंह पत्नी श्री सुखराज सिंह को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसके विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 20/03/2024 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती अमृत सुखराज सिंह पत्नी श्री सुखराज सिंह के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

237

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 3990/अ-6/2023-24

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पुनीत चौधरी, जीनेश कुमार जैन निवासी जाटखेड़ी म.प्र.भू.रा. सहिंता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय क्र/वसीयत/दान दिनांक ग्राम जाटखेड़ी प.ह.न. स्थित भूमि खसरा नंबर 132/2/7 रकबा 0.4050 हे. भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 10/5/2024 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 23/04/2024 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील-कोलार, भोपाल**

240

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार Piramal Capital Housing Finance Ltd भोपाल कार्यालय- प्लाट नं. 10 अलंकार कॉम्प्लेक्स, मेजनाइन फ्लौर, बैंक स्ट्रीट एम. पी. नगर जोन-2 भोपाल-462011 (म.प्र.) द्वारा श्री राम सेवक राजक आत्मज श्री गणेश प्रसाद की सम्पत्ति - प्लाट नं. 41 क्षेत्रफल 600 वर्गफर, जो कि भूमि ख. नं. 394/2 का एक भाग है तथा जो कि उषा प्रभा कॉलोनी, ग्राम बरखेड़ा पठानी, प.ह.नं. 19 रा. नि.म. 02, विकास खण्ड फन्दा, वार्ड नं. पुराना 56, नया 60, तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमायें पूर्व में प्लाट नं. 42, पश्चिम में प्लाट नं. 40, उत्तर में प्लाट नं. 58 दक्षिण में- 20 फिट चौड़ा रोड, है. को क्रय करने हेतु सम्यक् बंधक करके ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्पत्ति संबंधित पूर्व स्वामी श्री एन.एस. बोरकर, श्रीमती सुनीता बोरकर के नाम का मूल दस्तावेज विक्रय पत्र क्र. 1989 (2) दिनांक 19/12/2007 एवं श्री सुनील चौबे के नाम का मूल दस्तावेज विक्रय पत्र क्र. 771 (2) दिनांक 06/06/2008 कहीं गुम हो गये हैं। यदि उक्त सम्पत्ति को सम्यक बंधक, करने में सर्वसाधारण, किसी शासकीय, अशासकीय किसी बैंक या वित्तीय संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी प्रकार का कोई लेना-देना निकलता हो, उनकेपक्ष में ऊपर वर्णित सम्पत्ति विक्रय, बंधक, सम्यक, बंधक, दान या किसी प्रकार से हस्तांतरण आदि की गयी हो या उससे संबंधित विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत कर दें, समयावधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को सम्यक बंधक करके उक्त ऋण सुविधा प्रदान कर देंगे तथा भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, अधिवक्ता**
**फ्लैट नं.सी 106, प्रथम तल, चन्दन ब्लाक, चिनार रिट्रीट जीवन मोटर्स के पीछे, अरेरा हिल्स भोपाल 462011 म.प्र.**
**मो. 9827223510, 7987467025**

239

**जाहिर सूचना**

मैं, अपने पक्षकारगण रतन सिंह मारन आत्मज श्री भागचंद आयु वयस्क एवं श्रीमती फुलवती मारन पत्नि श्री रतन सिंह मारन आयु वयस्क, दोनो निवासीगण-म.नं. 35, सेमरी वाज्याफ्त, रातीबड़, जिला भोपाल म.प्र. की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि उनके द्वारा अपने पुत्र बबलू मारन पुत्र श्री रतन सिंह मारन आयु वयस्क, वर्तमान निवासी-अमरनाथ कालोनी, कोलार रोड, भोपाल एवं उसकी धर्मपत्नि श्रीमती नेहा शुक्ला पत्नि श्री बबलू मारन पुत्री श्री एस.सी. शुक्ला आयु वयस्क, पता- अमरनाथ कालोनी, कोलार रोड, भोपाल को अपनी चल-अचल सम्पत्ति, मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य में है, जिसमें बैंक में जमा राशि, जेवरात, मकान इत्यादि जो भी मेरे पास है, उस सम्पत्ति से बेदखल करते है एवं भविष्य में मेरे पक्षकारगण का अपने उक्त पुत्र एवं उक्त पुत्रवधु से कोई संबंध नहीं रहेगा, और न ही इस बावत मेरे पक्षकार का पुत्र एवं मेरी पक्षकार की पुत्रवधु किसी भी प्रकार की कार्यवाही चल-अचल सम्पत्ति बावत् करते है तो वह आज दिनांक से अमान्य मानी जावे। मेरे पक्षकारगण ने अपनी पूर्ण मर्जी से अपने पुत्र एवं पुत्रवधु से स्वयं संबंध समाप्त कर दिये है, आज दिनांक पश्चात अगर दोनो किसी प्रकार का किसी व्यक्ति से लेन-देन या पारिवारिक संबंध रखते है तो उसकी जवाबदारी स्वयं की रहेगी। आज दिनांक के पश्चात मेरे पक्षकारगण का उनके पुत्र एवं पुत्रवधु से कोई संबंध नहीं रहेगा। वह चाहे वर्तमान में अपनी मर्जी से निवास करे व अपनी मर्जी से जीवन-यापन करे, वर्तमान में दोनो पति पत्नि मेरे पक्षकारगण के आधिपत्य के मकान से अलग निवास कर रहे है, इसलिये अब उनका पक्षकारगण से कोई संबंध नहीं है, और न ही रहेगा। मेरे पक्षकारगण का अब और उन लोगो से कोई प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से संबंध नहीं रहेगा। मेरे पक्षकारगण के पुत्र एवं पुत्रवधु ने मेरे पक्षकारगण की बिना सहमति से अपनी मर्जी से प्रेम विवाह 16/02/2021 को कर लिया था। मेरा पक्षकार वर्तमान में भी उक्त विवाह से सहमत नहीं है। भविष्य में यदि मेरे पक्षकारगण के उक्त पुत्र एवं पुत्रवधु का कोई विवाद होता है तो उनकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। मेरे पक्षकारगण एवं मेरे पक्षकारगण के परिवार के सदस्यों एवं पुत्र बबलू मारन एवं पुत्रवधु नेहा शुक्ला से संबंध नहीं है। मेरे पक्षकारगण के उक्त पुत्र एवं पुत्रवधु अपना जीवन-यापन स्वतंत्र रूप से कर रहे है, जिन्हें मेरे पक्षकारगण द्वारा आज दिनांक से बेदखल कर सारे रिश्ते संबंध स्वयं समाप्त कर लिये है।

**आशीष निगम अधिवक्ता**
**पता- 22/1, शालीमार इंक्लेव,ई-6, अरेरा कालोनी, भोपाल म.प्र., मो.-9827233832**

238